HAPUR POLICE

प्रेस नोट

हापुड़ पुलिस **दिनांक 17.05.2026**

सीसीटीवी कन्ट्रोल रूप प्रभारी व यातायात पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ई-रिक्शा में छूटा बैग (जिसमे 30 हजार रूपये नकदी व लगभग 05 लाख रुपये कीमत के आभूषण) को उसके स्वामी के किया सुपुर्द।

संक्षिप्त विवरणः-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कुँवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों को बार-बार निर्देशित किया जाता है कि आपात स्थिति, किसी विषम परिस्थिति, घटना एवं दुर्घटना में अतिशीघ्र मौके पर पहुंचकर पीड़ित को हरसंभव सहायता प्रदान की जाए।

इसी क्रम में आज दिनांक 17.05.2026 को सीसीटीवी कन्ट्रोल रूप प्रभारी को सूचना मिली कि एक महिला यात्री जो ई-रिक्शा से स्वर्ग आश्रम रोड से तहसील चौपला हापुड़ आयी थी, जिसके पास दो बैग थे, उनमे से एक बैग जिसमे 30 हजार रूपये नकदी व लगभग 05 लाख रुपये कीमत के आभूषण है, जो ई-रिक्शा में ही छूट गया है। उक्त सूचना पर सीसीटीवी कन्ट्रोल रूप प्रभारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी कैमरो व यातायात पुलिस की सहायता से ई-रिक्शा को तलाश कर ई-रिक्शा मे छूटे बैग को 30 हजार रूपये नकदी व लगभग 05 लाख रुपये कीमत के आभूषण सहित बरामद कर यात्री के सुपुर्द किया गया।

"हापुड़ पुलिस द्वारा किये गये इस सराहनीय कार्य की यात्री द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई तथा पुलिस अधीक्षक जनपद हापुड महोदय द्वारा भी उक्त टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

बरामद करने वाली पुलिस टीमः-

1. रेडियो उ0नि0 श्री रणवीर सिंह प्रभारी सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम जनपद हापुड।
2. है0का0 478 मंजीत त्यागी यातायात पुलिस जनपद हापुड।
3. है0का0 06 चमन खां यातायात पुलिस जनपद हापुड।
4. का0 317 विकास कुमार यातायात पुलिस जनपद हापुड।